



नगर पालिका कार्यालय में दर्ज किए बयान,दस्तावेजों को खंगाल रही टीम

## विधायक स्वेच्छानुदान मामले में सौसर पहुंची ईओडब्ल्यू जबलपुर की टीम

**नवभारत न्यूज**
**सौसर 7 जुलाई,** सौसर विधानसभा क्षेत्र के विधायक विजय चौरे के स्वेच्छानुदान राशि वितरण में कथित गड़बड़ी का मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है। इस मामले की उच्च स्तरीय जांच के लिए आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ जबलपुर की टीम आज अचानक सौसर पहुंची।EOW की टीम ने नगर पालिका कार्यालय को अपना जांच केंद्र बनाते हुए संबंधित लोगों के बयान दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।



**शिकायत के आधार पर हो रही जांच:** सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, सत्ताधारी दल के स्थानीय नेताओं ने विधायक विजय चौरे पर स्वेच्छानुदान की राशि के आबंटन में वित्तीय अनियमितता और घोटाले के गंभीर आरोप लगाए थे। इस संबंध में EOW जबलपुर को एक लिखित शिकायत सौंपी गई थी। इसी शिकायत को आधार बनाते हुए EOW की टीम मामले की जमीनी हकीकत खंगालने सौसर पहुंची है।

### व्यापारियों और विधायक के PA से पूछताछ

EOW की टीम ने नगर पालिका कार्यालय में डेरा डालकर उन तमाम लोगों को तलब किया, जिन्हें विधायक स्वेच्छानुदान की राशि जारी की गई थी। जांच टीम द्वारा इन सभी हितग्राहियों के सिलसिलेवार बयान दर्ज किए जा रहे हैं। विशेष बात यह है कि इस जांच के दायरे में शहर के कई किराना, सीमेंट व अन्य क्षेत्रों के बड़े व्यापारी भी आए हैं, जिनके बैंक खातों या व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के नाम पर राशि ट्रांसफर होने की बात सामने आ रही है। इसके साथ ही मामले की कड़ियों को जोड़ने के लिए EOW की टीम विधायक के निजी सचिव से भी गहन पूछताछ कर रही है और उनके भी बयान दर्ज किए गए हैं।

### दस्तावेजों को खंगाल रही टीम

फिलहाल नगर पालिका कार्यालय में जांच की कार्रवाई लगातार जारी है। श्वह्व्ह्ठ्ठ की टीम स्वेच्छानुदान राशि से जुड़े बैंक ट्रांजेक्शन, स्वीकृत पत्रों को बारीकी से खंगाल रही है। कयास लगाए जा रहे हैं कि बयानों और दस्तावेजों के मिलान के बाद इस मामले में कई बड़े खुलासे हो सकते हैं। इस अचानक हुई कार्रवाई से क्षेत्र के राजनीतिक और प्रशासनिक हलकों में हड़कंप मचा हुआ है।

## राष्ट्रीय ओबीसी महिला महासंघ की राष्ट्रीय अध्यक्ष बनीं रत्नमाला ताई पिसे

**सभी राज्यों से मिली बधाइयां, सामाजिक कार्यों और ओबीसी हितों में योगदान को मिला सम्मान**



**नवभारत न्यूज़**
**सौसर 7 जुलाई.** राष्ट्रीय ओबीसी महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. बबनराव तायवाडे, महासचिव सचिन राजुकर, कोषाध्यक्ष गुनेश्वर आरीकर, सहसचिव शरद वानखेड़े, डॉ. शरयू तायवाडे, नागपुर शहर अध्यक्ष परमेश्वर राउत, महाराष्ट्र युवा प्रदेश अध्यक्ष सूरज बेलोकार, महिला सचिव मंगला देशमुख, जिला अध्यक्ष भावना बावनकर, जिला महामंत्री लकी चोरकर, जिला कोषाध्यक्ष शुभांगी घोरसे, जिला मीडिया प्रभारी संगीता चरपे एवं अन्य मुख्य पदाधिकारियों की अनुशंसा पर सर्वसम्मति से राष्ट्रीय ओबीसी महिला महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद पर रत्नमाला ताई पिसे की नियुक्ति की गई है।

रत्नमाला ताई पिसे का चयन सौसर क्षेत्र में उनके सामाजिक कार्यों और ओबीसी वर्ग के हितों एवं संवैधानिक अधिकारों की लड़ाई में सहभागिता व योगदान को देखते हुए किया गया है।नवनियुक्त राष्ट्रीय अध्यक्ष रत्नमाला पिसे ने कहा, मैं ओबीसी समुदाय की सामाजिक न्याय और संवैधानिक मांगों को लेकर समाज में जागरूकता के साथ कार्य करती रहूंगी। इस महत्वपूर्ण दायित्व के लिए सभी पदाधिकारियों का हृदय से आभार व्यक्त करती हूं।

## गजानन महाराज के मंदिर परिसर में पत्रकारों द्वारा लगाए पौधे

**नवभारत न्युज**
**पांढुरना,7 जुलाई,**जिला प्रेस क्लब द्वारा मंगलवार को नगर के रानी दुर्गावती वार्ड स्थित गजानन महाराज के मंदिर परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण कर इनकी सुरक्षा का संकल्प लिया,इस अवसर पर पत्रकारों द्वारा आम लोगों से भी पर्यावरण संरक्षण एवं नगर के हरा- भरा बनाए रखने के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाने की अपील की है ।




पर्यावरण संरक्षण के साथ ही नगर वासियों को शुद्ध हवा तथा नगर को हरा भरा बनाए रखने के मुख्य उद्देश्य से जिला प्रेस क्लब के संरक्षक ठाकुर प्रवीण सिंह चौहान के मार्गदर्शन में नगर के विभिन्न क्षेत्रों में पौधे लगाने का अभियान चलाया जा रहा है। बीते दिनों नगर के जुना पांढुरना मार्ग पर गुणवंत बाबा मंदिर के सामने मुख्य सडक् पर विभिन्न प्रजातियों के पौधा का जिला प्रेस क्लब के पत्रकारों द्वारा पौधे लगाए गए,वहीं आज मंगलवार को राधेश्याम बेलखड़े के जन्म दिवस के अवसर पर इन्होंने भी पौधे लगाने की मंशा व्यक्त करने पर संगठन के सभी साथियों द्वारा श्री बेलखड़े के इस मंशा की सराहना करते हुए नगर के रानी दुर्गावती वार्ड स्थित अति प्राचीन प्रसिध्द गजानन महाराज के मंदिर परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण किया गया,इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार सुखदेव घोड़े,अशोक आरण,अजय तावरे,सुधिर नांदेकर,लक्ष्मीकांत ढोके,आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे। सभी पत्रकारों ने पौधे लगाते हुए इनकी सुरक्षा का भी संकल्प लिया,वहीं पत्रकारों द्वारा आम नागरिकों से भी अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा इनकी सुरक्षा करने की अपील की है।

### आबकारी विभाग में 11 कर्मचारियों को पदोन्नति

**छिन्दवाड़ा।** राज्य शासन द्वारा जारी पदोन्नति आदेश के तहत जिला आबकारी कार्यालय, छिंदवाड़ा में पदस्थ लिपिकीय एवं कार्यपालिक संवर्ग के कुल 11 कर्मचारियों को उच्च पदों पर पदोन्नति प्रदान की गई है।लिपिकीय संवर्ग में संजय सहारे को मु य लिपिक से सहायक अधीक्षक, संजय गायकवाड एवं श्रीमती विनीता जैन को सहायक ग्रेड-2 से मु य लिपिक तथा मनीष बंदेवार एवं श्रीमती संतोषी तिवारी को सहायक ग्रेड-3 से सहायक ग्रेड-2/लेखपाल के पद पर पदोन्नत किया गया है। इसी प्रकार कार्यपालिक संवर्ग में आबकारी आरक्षक लक्ष्मीचंद अडमाचे, जगदीश डहरवाल, श्याम कुमार शर्मा, करन इवनाती, राजकुमार यदुवंशी एवं श्रीमती अमृता साहू को पदोन्नत कर आबकारी मु य आरक्षक बनाया गया है।

## एनसीसी कैडेट्स ने नंदुढाना बिट में किया वृक्षारोपण

**पर्यावरण संरक्षण और प्रकृति से जुड़ाव का दिया संदेश**





**नवभारत न्यूज़**
**सौंसर 7 जुलाई.** मध्यप्रदेश प्रदेश एनसीसी बटालियन के निर्देशानुसार मंगलवार को शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामाकोना की एनसीसी इकाई ने कन्हान परिक्षेत्र के नंदुढाना बिट, खुटामा सर्किल में वृक्षारोपण अभियान चलाया।इस दौरान एनसीसी कैडेट्स द्वारा बांस, सागौन, आंवला सहित विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए गए।विद्यालय के प्राचार्य आर. डी. भकने एवं एनसीसी अधिकारी सेकंड ऑफिसर विश्वेश्वर रंगारे ने वृक्षारोपण कार्य हेतु सभी कैडेट्स से आह्वान किया कि वृक्ष लगाकर हमें उसके संरक्षण पर भी जोर देना है। इस अवसर पर वन रक्षक बंडूजी बागडे, वन रक्षक अमित काम्बले एवं प्रकाश उईके जी ने कैडेट्स का मार्गदर्शन किया। उन्होंने पौधे लगाने की संपूर्ण प्रक्रिया समझाई और बताया कि पौधों के साथ-साथ वन्य जीवन का संरक्षण करना भी जरूरी है।आज के वृक्षारोपण में सीनियर कैडेट सत्यम बुकने, वेदांत धुंडे, खुशी सेवतकर, जीया अस्मिता ठाकुर, भलावी सहित कुल 35 कैडेट्स ने सहभागिता दर्ज कराई।

## श्री महाकाल मोक्षधाम मंदिर में श्रावण महोत्सव की तैयारियां प्रारंभ

**छिंदवाड़ा।** जिले में शिवभक्तों की आस्था का प्रमुख केंद्र श्री महाकाल मोक्षधाम मंदिर में श्रावण महोत्सव की तैयारियां प्रारंभ हो गई हैं। मंदिर समिति के अध्यक्ष बब्लू पांडे जी ने बताया प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी श्रावण मास को भव्य एवं भक्तिमय बनाने के उद्देश्य से प्रति सोमवार आयोजित होने वाली महाभस्मी आरती के पश्चात एक विशेष बैठक आयोजित की गई। बैठक में गुरुपूर्णिमा, श्रावण सोमवार, नागपंचमी एवं मनमहेश पालकी यात्रा सहित सभी धार्मिक आयोजनों की विस्तृत रूपरेखा तैयार की गई। सेवादारों ने प्रत्येक कार्यक्रम को सुव्यवस्थित एवं श्रद्धापूर्वक संपन्न कराने का संकल्प लिया। श्रावण महोत्सव के प्रमुख कार्यक्रम इस प्रकार रहेंगे— 29 जुलाई (गुरुपूर्णिमा)= एक नाम संकीर्तन एवं सीताराम जाप। 3 अगस्त (श्रावण सोमवार)= राजाधिराज मनमहेश जी की स्थापना। 17 अगस्त (नागपंचमी)= नागद्वार कढ़ाई महोत्सव। 27 अगस्त (गुरुवार)= हवन-पूजन एवं भगवान मनमहेश जी की भव्य पालकी यात्रा। इसके अतिरिक्त श्रावण मास के प्रत्येक सोमवार को अखंड रामायण पाठ, महाभस्म आरती, विशेष श्रृंगार, छप्पन भोग, भजन संध्या एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

## 27 घंटे बाद भी बीएसएनएल टेलीफोन टावर से नहीं उतरा युवक

**नवभारत न्यूज,**
**पांढुरना,7 जुलाई,** नगर के बीएसएनएल टांवर पर चढ़ा युवक 27 घंटे से भी अधिक का समय बीतने के बाद भी टॉवर से नीचे नहीं उतरा,वहीं रेस्क्यू टीम के साथ ही प्रशासन के आला अधिकारी भी परेशान है,छिंदवाडा से बुलाए गए प्रशिक्षित युवक द्वारा टांवर पर चढक़र किए गए प्रयास के दौरान इस युवक द्वारा मारने मरने पर आमादा होता देख मदद के लिए पहुंचा युवक भी बैरंग ही लौटा आया।



गौरतलब हो कि नगर के मध्य से होकर गुजरने वाले प्रमुख नागपुर भोपाल राष्ट्रीय राजमार्ग के तीन शेर चौक स्थित बीएसएनएल के टेलिफोन टावर पर सोमवार की शाम लगभग 5:40 पर विभाग के अधिकारी कर्मचारियों की नजरों से छुपते-छुपाते इस 80 मीटर ऊंचे टांवर पर अज्ञात युवक को चढ़ता देख विभाग के अधिकारियों के साथ ही जिला प्रशासन में भी अफरा-तफरी मच गई। इसके बाद ही एसडीओपी पुलिस ब्रजेश भार्गव के नेतृत्व में पुलिस अधिकारियों द्वारा रेस्क्यू टीम द्वारा इस युवक को टांवर से नीचे उतारने का भरसकर प्रयास किया जा रहा है,यहां तक की सोमवार की शाम से लेकर देर रात तथा आम मंगलवार को भी नगर पालिका अध्यक्ष संदीप घाटोड़े द्वारा कई बार इस युवक को टेलिफोन टांवर से नीचे उतारने की करूण पुकार लगा चुके है। लेकिन इस युवक पर किसी की भी बात को कोई असर नहीं हो रहा है। बीएसएनएल के एसडीओ प्रशांत चौधरी विभाग के अधीनस्थ अधिकारी तथा कर्मचारियों के साथ पिछले 25 घंटे से इस टावर के नीचे कार्यालय परिसर में ही बैठकर युवक को टावर से नीचे उतारने का भरसकर प्रयास कर रहें है,वहीं पूरी रात रिमझिम होती बारिश तथा पिछले 27 घंटो से यह युवक बिना कुछ खाना खाए ,पानी पिए टावर पर ही चढ़ा हुआ है। जब भी इसे नीचे उतारने टावर पर चढ़ने का प्रयास करते है तो यह युवक टावर के शीर्ष पर चढ़ने लगता है। मंगलवार को छिंदवाड़ा जिला मुख्यालय से दो प्रशिक्षित युवाओं को इस टावर पर चढ़े युवक को नीचे उतारने के लिए बुलाया गया,दोपहर बाद जब उसमें से एक युवक टावर पर चढ़ा जैसे ही इसे अपने नजदीक आता देखा उस युवक ने इस पर हमला करने का प्रयास करने के साथ ही टावर की और अधिक ऊंचाई पर जा चढ गया । इस गंभीर स्थिति को देख मदद के लिए टावर पर चढ़ने वाला युवक बैरंग ही वापस लौट आया,पिछले 27 घंटों से टावर पर चढ़े इस युवक की हरकतों से रेस्क्यू टीम के साथ विभाग अधिकारी ,कर्मचारी भी परेशान होने लगे है।

## डॉ . अपूर्वा गांवड़े ने FMGE परीक्षा के प्रथम प्रयास में लहराया परचम

**सौसर क्षेत्र का नाम किया रोशन**



**नवभारत न्यूज़**
**सौसर 6 जुलाई.** डॉ. राजेश गांवड़े एवं डॉ. भाग्यश्री गांवड़े की सुपुत्री डॉ. अपूर्वा गांवड़े ने नेशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशन इन मेडिकल साइंस द्वारा आयोजित स्नस्त्रश्व 2026 की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम प्रयास में ही सफलता प्राप्त की है। डॉ. अपूर्वा गांवड़े ने अपनी इस उपलब्धि से न केवल अपने माता-पिता का सिर गर्व से ऊंचा किया है, बल्कि संपूर्ण सौसर क्षेत्र को भी गौरवान्वित किया है। गौरतलब है कि फॉरेन मेडिकल ग्रेजुएट एग्जामिनेशन एक अत्यंत चुनौतीपूर्ण परीक्षा मानी जाती है।

## प्रकरणों का प्राथमिकता से करें निराकरण : कलेक्टर

**बैतूल।** कलेक्टर डॉ सौरभ संजय सोनवणे ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिले के विभिन्न विभागों में लंबित पेंशन प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में उन्होंने विभागवार लंबित प्रकरणों की स्थिति, उनके निराकरण की प्रगति तथा लंबित रहने के कारणों की जानकारी ली।



कलेक्टर डॉ. सोनवणे ने समीक्षा के दौरान स्वास्थ्य विभाग में लंबित पेंशन प्रकरणों पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने संबंधित बाबू को कारण बताओ नोटिस जारी करने, एक माह का वेतन रोकने तथा स्थापना शाखा को चेंज करने के निर्देश दिए। इसके अलावा बैतूल जनपद में लंबित पेंशन प्रकरण पर सीईओ को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किए जाने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने सभी विभागों को निर्देशित किया कि पेंशन प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करें,

ताकि हितग्राहियों को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े। कलेक्टर ने कहा कि जिन प्रकरणों में विभागीय स्तर पर किसी प्रकार की समस्या आ रही है, उनका समन्वय स्थापित कर शीघ्र समाधान किया जाए।

### पिछले 24 घंटे में औसतन 7.0 मिमी वर्षा दर्ज

बैतूल। जिले में पिछले 24 घंटे के दौरान औसतन 7.0 मिमी वर्षा दर्ज की गई। अधीक्षक, भू-अभिलेख ने बताया कि 6 जुलाई प्रातः 8 बजे से 7 जुलाई प्रातः 8 बजे तक जिले के विभिन्न वर्षामापी केंद्रों पर वर्षा रिकॉर्ड की गई। उन्होंने बताया कि बैतूल में 21.2 मिमी, घोड़ाडोंगरी में 7.0 मिमी, चिचोली में 11.4 मिमी, शाहपुर में 9.0 मिमी, मुलताई में 0.0 मिमी, प्रभात पट्टन में 3.4 मिमी, आमला में 18.0 मिमी, भैंसदेही में 0.0 मिमी, आठनेर में 0.0 मिमी तथा भीमपुर में 0.0 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। जिले में वर्षा ऋतु 2026-27 में अब तक औसतन 252.9 मिमी वर्षा दर्ज की जा चुकी है।

## रोहित विश्वकर्मा आत्महत्या कांड का चौथा आरोपी गिरफ्तार

**सारनी।** शहर के बहुचर्चित विद्युत कर्मी रोहित विश्वकर्मा आत्महत्या कांड का चौथे आरोपी को पुलिस ने बैतूल से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। टीआई जयपाल इवनाती ने बताया कि पुलिस अधीक्षक वीरेन्द्र जैन के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश खरपुसे एवंएसडीओपी सारणी सुश्री प्रियंका करचाम के मार्गदर्शन में थाना सारणी पुलिस ने रोहित विश्वकर्मा आत्म हत्याकांड मे लिप्त चौथे आरोपी मयूर पाल को बैतूल से गिरफ्तार किया है। उन्होंने कहा



कि मृतक रोहित पिता महेशप्रसाद विश्वकर्मा के मामले में धारा 194 बीएनएसएस के तहत पंजीबद्ध कर जांच में लिया गया। जांच के दौरान घटनास्थल का निरीक्षण करने पर दो सुसाइड नोट,तीन पत्र एवं एक डायरी प्राप्त हुई, जिन्हें विधिवत जप्त किया गया। जांच के दौरान साक्षी नीरज विश्वकर्मा, किरण विश्वकर्मा एवं नीतू के कथनों तथा मृतक रोहित विश्वकर्मा द्वारा लिखे गए सुसाइड नोट एवं अन्य दस्तावेजों के आधार पर से सोनू कश्मीरा,अमर सिंह राणा,आरिफ खान, ललित मालवीय, आदर्श,श्रीवास्तव, दीपक कुशवाह (विदिशा), राजेश अग्रवाल, रिशभ एवं मयूब पाल (मयूर) द्वारा पैसों के लेन-देन को लेकर मृतक को लगातार प्रताड़ित किया जा रहा था। साथ ही झूठे प्रकरण में फंसाने एवं जान से मारने की धमकी भी दी जा रही थी। सुदखोरो के प्रताड़ना से परेशान होकर रोहित विश्वकर्मा द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या करना पाया गया। इस मामले सोनू कश्मीरा, अमर सिंह राणा, आरिफ खान, ललित मालवीय, आदर्श श्रीवास्तव, दीपक कुशवाह,राजेश अग्रवाल, रिशभ एवं मयूब पाल (मयूर) के विरुद्ध धारा 108, 308(5), 3(5) बीएनएस के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।.

ज्ञापन | समयावधि में मांग पूरी नहीं होने पर दी आंदोलन की चेतावनी

## पशुपालन गौ सेवक एवं मैत्री गौसेवक संघ ने मुख्यमंत्री के नाम पशु चिकित्सा अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**नवभारत न्यूज,**
**पांढुरना,7 जुलाई,**पशुपालन गौ सेवक एवं मैत्री गौ सेवक संघ द्वारा आज मुख्यमंत्री के नाम पशु चिकित्सा अधिकारी को अपनी 9 सूत्रीय मांगों के निराकरण को लेकर एक हस्ताक्षरयुक्त ज्ञापन सौंपा,साथ ही समय अवधि में मांग पूरी नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी भी दी है।

अपनी वर्षों पुरानी मांगों का निराकरण नहीं होने आहत पशुपालन गौ सेवक एवं मैत्री संघ द्वारा मंगलवार को मुख्यमंत्री के नाम पशु चिकित्सा अधिकारी को अपनी 9 सूत्रीय मांगों को लेकर हस्ताक्षरयुक्त ज्ञापन सौंपा साथ ही मांग पूर्ण नहीं होने पर आगामी 10 जुलाई से अनिश्चिकाल के लिए हड़ताल पर जाने की चेतावनी भी दी है।



मुख्यमंत्री के नाम पशु चिकित्सा अधिकारी को सौंपे ज्ञापन में बताया कि पशुपालन विभाग द्वारा प्रशिक्षित गौ सेवक एवं मैत्रीगण बीते 25 वर्षों से निरंतर बिना मानदेय के अपनी सेवा दे रहें है,इन सभी को अब पशु चिकित्सा विभाग में संविलियन कर चतुर्थ श्रेणी के पद पर नियुक्ति दी जाकर प्रतिमाह सम्मानजनक मानदेय दिया जाए,वर्तमान में दी जा रहीं राशि जीविकोपार्जन के लिए पर्याप्त नहीं है। टीकाकरण की राशि 5 रूपए से बढ़ाकर 50 रूपए दी जाए,मैत्रीयों को मानदेय की राशि का भुगतान गौशालाओं के तर्ज पर प्रतिमाह दी जाए,जिससे मैत्री निष्क्रीय ना हो एवं उत्साह पूर्वक कार्य कर सकें,टैगिंग का कार्य बहुत जोखिम भरा है,

इसलिए मैत्रियों को दुर्घटना बीमा प्रदान किया जाए,वर्ष 2015-2015 से पहले राष्ट्रीय गौवंशी,भैंस वंशी योजना में प्रशिक्षण प्राप्त कृत्रिम गर्भधान कार्यकर्ताओं को भी मैत्री योजना में शामिल किया जाए,पशुगणना की राशि शीघ्र ही संपूर्ण मध्य प्रदेश में प्रदान कि जाए,कंटेनर बाधियाकरण मशीन आदि के टूट- फूट हो जाने पर विभाग द्वारा तत्काल सामग्री प्रदान कि जाए,आदि का समावेश है।

इस आशय का ज्ञापन सौपते समय अनिल सहारे, शरद नलोडे, कोमल दुखी, गुलाब कसलीकर, अशोक सोमकुंवर,छगण उइके, गणेश साँडेल ,दिवाकर चटप, श्रीराम धुर्वे, राजकुमार वानखडे ,सुनील धुर्वे, रमेश डोंगरे,राजकुमार पंडोले, मिलिंद नारनवरे,जितेंद्र चौधरी, पप्पु चौधरी,हर्षद देशमुख, महेंद्र गोहते आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

## धूमधाम,भक्ति भाव के साथ मनाया जाएगा खाटू श्याम भजन प्रस्तुति का कार्यक्रम



**नवभारत न्यूज,बड़चिचोली,7 जुलाई,** ग्राम में खाटू श्याम के भजन की प्रस्तुति कार्यक्रम की रूपरेखा को लेकर आज ग्राम के श्याम प्रेमियों की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई,जिसमें सभी ने यह कार्यक्रम भक्तिमय तथा उत्साह के साथ मनाने की बात कहीं ।प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी ग्राम में खाटू श्याम के भजन प्रस्तुति का कार्यक्रम बड़े ही धूमधाम,भक्तिभाव तथा उत्साह के साथ मनाने को लेकर मंगलवार को आयोजन समिति तथा श्याम प्रेमियों की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई,जिसमें सभी ने कार्यक्रम के आयोजन को लेकर अपने-अपने विचार व्यक्त किए । इस बैठक में श्याम प्रेमी प्रणव बावने,अभिजीत घुसे,यश डिगरसे,शुभम धारपुरे,पंकज मुले, आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।